6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण
• राजधानी
वर्ष 18 | अंक 59 | पृष्ठ : 12+4
मूल्य : तीन रुपये
अमर उजाला
नई दिल्ली
सोमवार, 8 जून 2020

जब तक न हो कोई बड़ी मजबूरी
घर में रहें, सबसे बनाएं एक मीटर दूरी

लिफ्ट में सिर्फ तीन लोग ही जा सकेंगे

ग्रेटर नोएडा। शहर के सभी मॉल आज खुल जाएंगे। यहां लोगों को कोरोना से बचाने के इंतजाम किए गए हैं। ज्यादातर शोरूम में ट्रायल रूम बंद हैं। अगर कोई ट्रायल करता है तो फिर उसको 24 घंटे बाद फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा। वहीं, तीन लोग ही लिफ्ट में जा सकेंगे। मास्क के बिना प्रवेश नहीं मिलेगा। साथ ही सैनिटाइज और थर्मल स्क्रीनिंग आवश्यक है।

गौड़ सिटी मॉल : मार्केटिंग हेड सिद्धार्थ सूद का कहना है कि गेट पर निशुल्क मास्क की व्यवस्था होगी। सभी के मोबाइल में आरोग्य सेतु एप होना जरूरी होगा। लिफ्ट में एक सुरक्षाकर्मी तैनात रहेगा, जो संचालन करेगा। हर फ्लोर पर कोविड मार्शल तैनात रहेंगे। शोरूम संचालकों को भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उनका पालन करने के बाद ही शोरूम खोलने की अनुमति होगी। मॉल में किसी को बैठने की अनुमति नहीं होगी।